# स्पेशल टास्क फोर्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

## प्रेस नोट संख्याः 153, दिनांक 18–05–2025

## बिटुमिन–अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ की कालाबाजारी करने वाले गैंग के 06 सक्रिय सदस्य गिरफ्तार।

दिनांक 18–05–2025 को एस0टी0एफ उ0प्र0 द्वारा कालाबाजारी के उद्देश्य से अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ (बिटुमिन) से भरे दो टैंकर व फैक्ट्री में रखे गये 08 कन्टेनर व दो मिक्सर मशीन व 600 बोरा सफेद पाउडर सहित गैंग के 06 सक्रिय सदस्यों को जनपद फिरोजाबाद से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण–**

1– दुर्जन सिंह पुत्र वीरपाल सिह निवासी गिर्राज वाटिका टाउनशिप, हाईवे, जनपद मथुरा।
2– जगदीश प्रसाद पुत्र बेनी सिंह निवासी महरौली, गोवर्धन, जनपद मथुरा।
3– अतिन पुत्र प्रमोद कुमार निवासी जलालपुर थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।
4– नितिन उर्फ सोनू पुत्र प्रमोद कुमार निवासी जलालपुर, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।
5– स्वत्रन्त्र पाल पुत्र फूलन सिह निवासी जलालपुर, थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद।
6– नीरज पुत्र जगदीश निवासी मण्डी चौराहा महेन्द्र नगर, हाईवे, जनपद मथुरा।

**बरामदगी–**

1– अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ (बिटुमिन) से भरा टैंकर न0 यूपी–85बीटी–4317,
2– अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ (बिटुमिन) से भरा टैंकर न0 यूपी–85सीटी–5521,
3– फैक्ट्री में रखे गये 08 कन्टेनर
4– दो मिक्सर मशीन
5– 600 बोरा सफेद पाउडर
6– 06 अदद एन्ड्राइड मोबाइल फोन।

**गिरफ्तारी का स्थान व समय–**भूड़ा नहर की पुलिया थाना क्षेत्र शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद दिनांक–18–05–2025 समय–04.05 बजे

एसटीएफ,उत्तर प्रदेश को विगत समय से अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ के कालाबाजारी की सूचना जनपद मथुरा/फिरोजाबाद से प्राप्त हो रही थी। इस संबध में एस0टी0एफ की विभिन्न इकाईयो/टीमो को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके अनुपालन में श्री राकेश, अपर पुलिस अधीक्षक, एस0टी0एफ फील्ड इकाई आगरा के निकट पर्यवेक्षण में टीम गठित कर अभिसूचना संकलन की कार्यवाही की जा रही थी।

उक्त के क्रम में निरीक्षक श्री हुकुम सिंह के नेतृत्व में मु0आ0 प्रशान्त कुमार, मु0आ0 बृजराज सिंह, मु0आ0 विवेक कुमार, मु0आ0 अमित चौहान, मु0आ0 विमल कुमार की एक टीम फिरोजाबाद में भ्रमणशील थी। इस संबध में मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि मण्डी के बगल में ओद्योगिक फैक्ट्ररी एरिया/अहाता थाना क्षेत्र शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद में

अपमिश्रित पेट्रोलियम पदार्थ डामर से भरे दो टैंकर, जो फैक्ट्ररी में बिटुमिन खाली करने व मिक्स करने के वाद बिटुमिन भरने हेतु खड़े है, अगर जल्दी की जाये तो पकड़े जा सकते है। इस सूचना पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हुए स्थानीय पुलिस को अवगत कराते हुये साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर पहुॅचे जहॉ से पेट्रोलियम पदार्थ (बिटुमिन) से भरे टैंकर न0 यूपी–85बीटी–4317 और टैंकर नं0 यूपी–85सीटी–5521 मय चालक के रोक लिया तथा फैक्ट्ररी में जॉच हेतु पूर्ति निरीक्षक फिरोजाबाद को सूचना देकर बुलाकर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही की गयी।

चालक व फैक्ट्ररी कर्मचारियों ने पूछतॉछ पर बताया कि यह लोग मथुरा रिफाईनरी से बिटुमिन लोड कर गन्तव्य स्थान पर पहुॅचने से पहले फैक्ट्ररी में एक टैंकर से 04–05 ड्रम बिटुमिन निकाल कर उसमें मिक्सर मशीन में सफेद पाउडर मिलाकर तैयार कर टैंकर में भर देते हैं। इस फैक्ट्ररी का मालिक डेविड जैन है उनके कहने पर आपरेटर भगवान सिंह, जो आपको देखकर भाग गया है, मिक्सर मशीन में सफेद पाउडर मिलाकर बिटुमिन तैयार कर मथुरा व आसपास के जनपदों में इसकी काला बाजारी करते हैं, जिसमें इन्हें काफी मुनाफा होता है। यह कार्य काफी सालों से कर रहे हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तो के विरूद्व थाना शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद में मु0अ0सं0–मु0अ0सं0–308/2025 धारा 111(2) बी, बीएनएस 2023 व 3/7 आवश्यक वस्तु अधि0 1955 का अभियोग पंजीकृत कराया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही सम्बन्धित थाना पुलिस द्वारा की जायेगी